Round the Clock Electricity Supply

22. Dr. KRISHAN LAL MIDDHA (Jind):

Will the Energy Minister be pleased to state:-

a) the total number of the villages of the State in which the electricity has been supplied round the clock;

b) the total number of the villages in Jind district and total number of the villages in Jind Assembly Constituency in which the electricity has been supplied round the clock; and

c) whether it is a fact that Amarheri village is under Jag-Mag Yojna; if so, the reasons for not supplying round the clock electricity in the said village?

RANJIT SINGH, ENERGY MINISTER

Sir,

a) There are total 5786 No. villages (2472 in DH+3314 in UH) in which round the clock electricity is being supplied in the State.

b) In Jind District there are 22 villages getting round the clock electricity supply. No village in Jind Assembly Constituency is getting round the clock electricity supply at the moment.

c) Yes, Amarheri village has been covered under Mhara Gaon Jagmag Gaon Scheme. 11 kV Amarheri RDS feeder connects a total of 3 villages namely Aherika, Amarheri and Kair Kheri. Out of these three villages, work of Jagmag Yojna on 2 No. villages namely Aherika and Amarheri has been completed as per Guidelines of Mhara Gaon Jagmag Gaon Scheme. But in one village namely Kair Kheri work is pending due to problem in shifting of meters outside the consumers premises. As and when the work on village Kair Kheri will be completed as per Guidelines of Mhara Gaon Jagmag Gaon Scheme and T&D losses are reduced / achieved to 20% or less, round the clock electricity supply i.e. 24 Hours Supply will be given to 11 kV Amarheri RDS Feeder/ Amarheri Village as per the provision of the Scheme.

24 घंटे बिजली की आपूर्ति

22 डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) राज्य के गांवों की कुल संख्या कितनी है जिनमें 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती है;

(ख) जिला जींद के गांवों की कुल संख्या कितनी है तथा जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों की कुल संख्या कितनी है जिनमें 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती है; तथा

(ग) क्या यह तथ्य है कि गांव अमरहेड़ी जग-मग योजना के अंतर्गत है; यदि हां, तो उक्त गांव में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति न किए जाने के कारण क्या है?

<u>**रणजीत सिंह, ऊर्जा मंत्री**</u>

श्रीमान,

क) राज्य में कुल 5786 गांव (द.ह.बि.वि.नि. में 2472 + उ.ह.बि.वि.नि. में 3314) हैं, जिनमें 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है।

ख) जिला जींद के 22 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी गांव में 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है।

ग) हां, गांव अमरहेड़ी को म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत शामिल किया गया है। 11 के.वी. अमरहेड़ी आर.डी.एस. फीडर से कुल तीन गांव अहिरका, अमरहेड़ी और कैर खेड़ी जुड़े हैं। इन तीन गांवों में से, अहिरका और अमरहेड़ी दो गांवों में जगमग योजना का कार्य म्हारा गांव जगमग गांव योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरा हो चुका है। लेकिन एक गांव कैर खेड़ी का कार्य उपभोक्ताओं के परिसरों से बाहर मीटरों को स्थानांतरित करने की समस्याओं के कारण लंबित है। म्हारा गांव जगमग गांव योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार जब कैर खेड़ी गांव का कार्य पूरा हो जाएगा और टी एंड डी घाटा 20 प्रतिशत तक या उससे कम हो जाएगा, तो योजना के प्रावधान के अनुसार 11 के.वी. अमरहेड़ी आर.डी.एस. फीडर/ अमरहेड़ी गांव को 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी जाएगी।